हरिभूमि
# मालवा भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, शनिवार 14 फरवरी 2026
देवास | शाजापुर | शुजालपुर | कालापीपल | नलखेड़ा | कानड़ | आगर मालवा | ललितपुर | कायथा

06 लोगों ने लगाए यूजीसी कानून वापस लो हम अपना ...




07 जिलाधिकारी ने प्रश्न पूछकर छात्रों की तैयारी और शिक्षण...



### ग्राम गोंदलमऊ में स्थित है गुप्तकालीन अद्भुत शिवलिंग

# महाशिवरात्रि विशेष : एक शिवलिंग जिस पर उभरी हुई हैं 1111 शिवलिंग की आकृतियां

## महाशिवरात्रि पर शिवभक्तों का लगता है मेला

राजेंद्र सकलेचा ⏭ नलखेड़ा





तहसील के ग्राम गोंदलमऊ में स्थित पुरातन शिव मंदिर श्री नीलकण्ठेश्वर महादेव मंदिर में स्थापित अद्भुत व चमत्कारी शिवलिंग है। जिस पर ग्यारह सौ ग्यारह शिवलिंग की आकृति उभरी हुई है। इस शिवलिंग के चमत्कार के कई किस्से ग्रामीणों की जुबान पर हैं। महाशिवरात्रि पर यहां श्वेत नाग देवता भगवान भोलेनाथ की आराधना के लिए पहुंचते हैं, जिन्हे कईं भक्तों द्वारा देखा गया है। महाशिवरात्रि पर इस मंदिर पर भक्तों का तांता लगेगा जिनके द्वारा भगवान भोलेनाथ की पूजा-अर्चना कर रुद्राभिषेक भी किए जाएंगे। नलखेडा से दक्षिण दिशा में 16 किमी दूर तहसील के ग्राम गोंदलमऊ के शिवमंदिर में स्थापित यह शिवलिंग गुप्तकालीन है। महाशिवरात्रि पर यहां शिवभक्तों का मेला लगता है, जो भगवान भोलेनाथ की विशेष साधना-आराधना कर उन्हे जलाभिषेक, दुग्धाभिषेक कर बिल्व पत्र चढ़ाते हैं।

ऊंची पहाड़ी पर बसे इस मंदिर के समीप अति प्राचीन बावड़ी व धर्मशाला के अवशेष आज भी मौजूद हैं। मंदिर के समीप सैकडों वर्ष प्राचीन विशाल नैसर्गिक तालाब भी है जो 350 बीघा से भी अधिक भूमि पर फैला हुआ है। इस शिवलिंग के चमत्कार के किस्से यहां के बुजुर्गों की जुबान पर आज भी है। एक चमत्कार यहां आज भी होता है। महाशिवरात्रि पर इस शिवलिंग की आराधना करने पंचमुखी सफेद नागदेवता यहां आते हैं। ग्राम के निवासियों ने बताया कि प्रतिवर्ष महाशिवरात्रि के दिन रात्रि के समय में व श्रावण मास में एक बार पंचमुखी सफेद नागदेव भगवान भोलेनाथ के दर्शन के लिए यहां आते हैं। इन नागदेवता के दर्शन भी किसी बिरले शिवभक्त को ही होते हैं। नागदेव के दर्शन करने वाले मंदिर के पुजारी ने बताया कि नागराज आकर शिवलिंग पर लिपट जाते हैं व अपनी साधना पूर्ण कर अदृश्य हो जाते हैं।

### प्रदेश में है एकमात्र शिवलिंग

बताया जाता है कि सम्पूर्ण मध्यप्रदेश में यह एकमात्र ऐसा शिवलिंग है जिस पर 1111 शिवलिंग की आकृतियां उभरी हुई हैं, जिन्हे आज भी स्पष्ट देखा जा सकता है। यह शिवलिंग लाल पत्थर का बना हुआ है। ऐसा ही एक शिवलिंग राजस्थान की विश्वप्रसिद्ध चंद्रभागा नदी के किनारे स्थापित है।

### कई दंपतियों को मिला है वरदान

इस चमत्कारीक शिवलिंग पर एक बार अभिषेक करने से 1111 बार अभिषेक करने का लाभ भक्तों को प्राप्त होता है। मंदिर के पुजारी ने बताया कि यहां निःसंतान दंपति संतान प्राप्ति की मन्नत मांगते हैं, जोकि पूरी होती है। ऐसे सैकड़ों परिवारों को भगवान भोलनाथ की कृपा से संतान प्राप्त हो चुकी है। आसपास के क्षैत्रों के अलावा देश के कईं प्रांतों से यहां भक्त आते हैं और मन्नत मांगते हैं। मन्नत पूर्ण होने पर धार्मिक आयोजन करते हैं।

### खुदाई में निकलते हैं पुरातन अवशेष

ग्राम गोंदलमऊ ऊंची पहाड़ी पर बसा हुआ ग्राम है, जिसका इतिहास पुरातन माना जाता है। किंवदंतियों के अनुसार पुराने समय में यहां कोई तीर्थ स्थान रहा होगा, जो धूलकोट आने पर दब गया होगा। इसी काराण यहां खुदाई के दौरान पुरातन महत्व के अवशेष निलकते रहते हैं। कुछ वर्षों पूर्व एक स्थान की खुदाई के दौरान जैन धर्म की कई प्राचीन मूर्तियों के अवशेष भी निकले थे, जो आज भी उज्जैन के जयसिंहपुरा स्थित जैन समाज के संग्रहालय में रखी हुई है। महादेव मंदिर के समीप मौजूद बावड़ी व धर्मशाला के अवशेष भी उसी समय के प्रतित होते हैं। यदि यहां पुरातत्व विभाग द्वारा खुदाई की जाए तो युगों पूर्व की संस्कृति के अवशेष मिल सकते हैं।

### विभिन्न प्राचीन शिवालय में भी उमड़ेगी भक्तों की आस्था

इसी के साथ तहसील क्षेत्र के ग्राम ताखला में स्थित तारकेश्वर महादेव मंदिर बड़ागांव स्थित भोगेश्वर महादेव मंदिर तथा लालूखेड़ी स्थित जालेश्वर महादेव मंदिर पर भी भक्तों की आस्था उमड़ेगी। महाशिवरात्रि पर्व को लेकर भक्तों के द्वारा भगवान भोलेनाथ के दर्शन कर पूजा-अर्चना की जाएगी तथा विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान भी किए जाएंगे।

## छत्तीसगढ़ के उप मुख्यमंत्री अरुण साव पहुंचे मां के दरबार दर्शन कर किया पूजन





**नलखेड़ा।** शुक्रवार को छत्तीसगढ़ के उप मुख्यमंत्री अरुण साव सपत्नीक मां बगलामुखी मंदिर पहुंचे। जहां उन्होंने माता रानी के दर्शन कर पूजन किया। मंदिर के मुख्य पुजारी द्वारा उन्हें माता रानी की चुनर ओढ़ाई गई। दर्शन पूजन उपरांत साव सिद्धपीठ के समीप स्थित सांदीपेंद्र आश्रम पहुंचे जहां उन्होंने महामंडलेश्वर स्वामी सांदीपेंद्र गिरि महाराज से भेंट कर आशीर्वाद प्राप्त किया। साव के सिद्धपीठ पहुंचने पर भाजपा मंडल अध्यक्ष रोहित सकलेचा, भाजपा कार्यकर्ता अमित तांतेड़, हेमंत जायसवाल, शिवम नागर आदि ने स्वागत किया।

## धर्म, समाज और विज्ञान विषय पर हुआ व्याख्यान

**नलखेड़ा।** सरदार वल्लभभाई पटेल शासकीय महाविद्यालय में स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन अंतर्गत प्राचार्य डॉ जीएल रावल की अध्यक्षता में राजा रामन्ना प्रगत प्रौद्योगिकी केंद्र (आरआर केट) इंदौर के प्रसिद्ध वैज्ञानिक भौतिकशास्त्री डॉ केएस बर्तवाल का धर्म, समाज और विज्ञान विषय पर प्रभावशाली व्याख्यान संपन्न हुआ। शुक्रवार को कार्यक्रम के प्रारंभ में कार्यक्रम के अध्यक्ष एवं अतिथि द्वारा मां सरस्वती का पूजन माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन किया गया तत्पश्चात कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं वक्ता डॉ बर्तवाल ने धर्म और विज्ञान को एक दूसरे को पूरक बताते हुए बताया कि अगर व्यक्ति के जीवन में धर्म नहीं होगा तो नैतिकता नहीं होगी और अगर नैतिकता नहीं होगी तो विज्ञान के आविष्कार संभव ही नहीं है। वास्तव में प्रकृति के छुपे हुए रहस्य को जब ऋषि मुनि खोजते हैं तो वह धर्म बन जाता है और वही तत्व जब समाज की सुलभता और सुरक्षा के लिए वैज्ञानिक खोजते हैं तो वह शोध और अविष्कार बन जाता है। अगर सच कहा जाए तो संत और वैज्ञानिक दोनों समाज को लाभ पहुंचाने के लिए ही पृथ्वी पर आते हैं। अतः धर्म ही विज्ञान है और विज्ञान ही धर्म है क्योंकि दोनों में अन्वेषण हैं। दोनो मे समाज को देने की प्रवृत्ति हैं। इस अवसर पर महाविद्यालय का स्टाफ एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## दिव्यांगों को बस किराए में 50 प्रतिशत छूट

**सीहोर।** राज्य शासन ने प्रदेश की सभी प्रक्रम बस सेवाओं में दिव्यांग व्यक्तियों को 50 प्रतिशत छूट देने के निर्देश दिये हैं। दिव्यांग व्यक्ति को यूडीआईडी कार्ड दिखाने पर यह छूट मिल जायेगी। परिवहन आयुक्त द्वारा प्रदेश के सभी क्षेत्रीय, अतिरिक्त क्षेत्रीय एवं जिला परिवहन अधिकारी को निर्देश दिये गये हैं। दिव्यांग व्यक्ति को दिव्यांगजन सक्षम प्राधिकारी के प्रमाण-पत्र के रूप में केन्द्र या राज्य शासन द्वारा जारी यूनिक डिसेबिलिटी आईडी कार्ड प्रस्तुत करने पर किराये में 50 प्रतिशत छूट का लाभ दें। केन्द्रीय दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग द्वारा यूनिक आई.डी. फॉर पर्सन विद डिसेबिलिटी (यूडीआईडी) प्रोजेक्ट चलाया जा रहा है। इसमें दिव्यांगों को यूडीआईडी कार्ड दिये जा रहे हैं। कार्ड के माध्यम से दिव्यांग केन्द्र एवं राज्य शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ उठा सकते हैं। यूडीआईडी कार्ड निर्माण में मध्यप्रदेश देश में पहले स्थान पर है।

## 19 फरवरी को सीहोर में लगेगा युवा रोजगार व अप्रेंटिसशिप मेला

**सीहोर।** युवाओं को रोजगार एवं स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिला मुख्यालय सीहोर में युवा रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेंटिसशिप मेले का आयोजन किया जाएगा। यह मेला डॉ. अंबेडकर शासकीय महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) परिसर में प्रातः 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक आयोजित होगा। मेले में रोजगार विभाग द्वारा स्थानीय, प्रदेश एवं अन्य राज्यों की कंपनियों को आमंत्रित किया गया है, जो युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करेंगी। जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र के माध्यम से स्वरोजगार योजनाओं की जानकारी दी जाएगी तथा नवीन प्रकरण भी स्वीकार किए जाएंगे। आईटीआई विभाग द्वारा अप्रेंटिसशिप मेले का आयोजन कर योग्य युवाओं का चयन किया जाएगा। 'युवा संगम' कार्यक्रम प्रत्येक युवा के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर है।

## शादी से लौटते समय बड़ा हादसा, ट्रैक्टर-ट्रॉली पलटी, 20 लोग घायल, 6 नर्मदापुरम रेफर



हरिभूमि न्यूज ⏭ रेहटी

तहसील क्षेत्र के ग्राम ओडिया स्थित दीपाखेड़ा मोड़ के पास बुधवार को एक बड़ा हादसा हो गया। शादी समारोह से लौट रहे लोगों से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली अनियंत्रित होकर पलट गई, जिससे लगभग 20 लोग घायल हो गए। इनमें महिला, पुरुष और बच्चे शामिल हैं।

प्राप्त जानकारी के अनुसार ट्रैक्टर-ट्रॉली में करीब 40 लोग सवार थे, जो होशंगाबाद जिले के होरिया पीपली गांव में अपने परिजनों के यहां आयोजित शादी समारोह से वापस भैरूंदा तहसील के ग्राम चींटीखेड़ा लौट रहे थे। इसी दौरान दीपाखेड़ा मोड़ पर सामने से आ रही एक कार को बचाने के प्रयास में ट्रैक्टर चालक नियंत्रण खो बैठा और ट्रॉली सड़क किनारे पलट गई।हादसे की सूचना मिलते ही 100 डायल और अन्य वाहनों की मदद से घायलों को तत्काल सिविल अस्पताल रेहटी पहुंचाया गया।

प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर रूप से घायल 6 लोगों को बेहतर इलाज के लिए नर्मदापुरम रेफर किया गया है। अन्य घायलों का इलाज रेहटी अस्पताल में जारी है। सूचना मिलते ही रेहटी पुलिस मौके पर पहुंची और घटनाक्रम की जानकारी जुटाई। पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही है। हादसे के बाद क्षेत्र में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। गनीमत रही कि कोई जनहानि नहीं हुई।

### ट्रैक्टर जब्त, जांच शुरू

पुलिस ने ट्रैक्टर को थाने में खड़ा करवा दिया है और मामला दर्ज कर जांच प्रारंभ कर दी है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि वाहन सड़क से अचानक नीचे उतर जाने के कारण अनियंत्रित हुआ और ट्रॉली पलट गई। हादसे के बाद क्षेत्र में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

### पुलिस और एंबुलेंस की तत्परता

घटना की सूचना मिलते ही सलकनपुर चौकी प्रभारी और पुलिस टीम मौके पर पहुंची। 108 एंबुलेंस की मदद से सभी घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया। अन्य घायलों का उपचार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रेहटी में किया जा रहा है।





## अवैध रेत उत्खनन पर खनिज, राजस्व और पुलिस की कार्रवाई, 48 घंटे में पोकलेन-जेसीबी समेत कई वाहन जब्त

**सीहोर।** नगर में अवैध खनिज उत्खनन और परिवहन पर शिकंजा कसने के लिए पिछले 48 घंटों से प्रशासन की संयुक्त कार्रवाई लगातार जारी है। खनिज, राजस्व और पुलिस विभाग की टीमों ने बुधनी, रेहटी और इछावर क्षेत्र में दबिश देकर पोकलेन, जेसीबी और ट्रैक्टर-ट्रॉलियों सहित कई वाहनों को जब्त किया है।

**नर्मदा से खनन करते पकड़ी मशीन :** संयुक्त दल ने बुधनी और रेहटी क्षेत्र में नर्मदा नदी से अवैध रेत उत्खनन करते हुए एक पोकलेन मशीन और गिट्टी डस्ट से भरी एक ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त की। इन वाहनों को कार्रवाई के बाद रेहटी थाने की अभिरक्षा में रखा गया है। इसी कार्रवाई के दौरान रेत का अवैध परिवहन करते हुए चार ट्रैक्टर-ट्रॉलियां जब्त की गईं। इन्हें इछावर थाने को सुपुर्द किया गया है।कार्रवाई यहीं नहीं रुकी। दूसरे चरण में टीम ने फिर से बुधनी और रेहटी क्षेत्र में छापामार कार्रवाई की।





इस दौरान नर्मदा नदी से रेत निकालते हुए एक और पोकलेन मशीन तथा एक जेसीबी मशीन पकड़ी गई। दोनों मशीनों को शाहगंज थाने की अभिरक्षा में रखा गया है।

**डंपर और एक अन्य ट्रॉली जब्त :** इसके अलावा रेत का अवैध परिवहन करते हुए एक ट्रैक्टर-ट्रॉली इछावर थाने में जमा कराई गई, जबकि मुरूम खनिज का अवैध परिवहन करते एक डंपर को रेहटी थाने में जब्त किया गया है।

**खनिज अधिकारी का बयान :** जिला खनिज अधिकारी धर्मेंद्र चौहान ने बताया कि जब्त किए गए सभी वाहनों पर खनिज नियमों और प्रावधानों के तहत प्रकरण दर्ज कर लिए गए हैं। उन्होंने कहा कि मामले में आगे की वैधानिक कार्रवाई जारी है और अवैध उत्खनन व परिवहन के खिलाफ अभियान आगे भी चलता रहेगा।

### प्राचीन मनकामनेश्वर मंदिर शिवरात्रि पर प्रतिवर्ष लगता है मेला


# गाय बांबी पर करती थी दुग्धाभिषेक, खुदाई में निकला शिवलिंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

नगर से 40 किलोमीटर दूर ग्राम कुम्हारिया खास में स्थित प्राचीन श्री मनकामनेश्वर महादेव मंदिर है। जहां पर स्थित शिवलिंग स्वयंभू हो कर भू गर्भ में से निकाला है। यहां स्थित मंदिर 750 वर्ष प्राचीन है, जो ग्वालियर रियासत के अंतर्गत आता था। जहां पर भक्तों की हर मनोकामनाएं पूर्ण होती है। सावन मास तथा महाशिवरात्रि पर्व पर इस मंदिर पर बडी संख्या में श्रद्धालु भक्त बाबा भोलेनाथ के दर्शन व अभिषेक पूजन के लिए आते हैं। वहीं प्रतिवर्ष शिवरात्रि के दौरान यहां पर मेले का आयोजन भी होता है। जिले सहित कईं स्थानों से भक्त कांवड ले कर इस स्थान पर पैदल पहुंचते हैं। जहां उनके द्वारा बाबा का अभिषेक किया जाता है।

इस मंदिर को लेकर कई लोकमान्यताएं प्रचलित है। मंदिर के पुजारी ने इस मंदिर से जुड़ी कहानी बताते हुए कहा कि इस स्थान पर 13 वीं शताब्दी में गांव के जागीरदार की कपिला नामक गाय झाड़ियों में छुपी बांबी (चिटिंयों द्वारा बनाया गया मिट्टी का ढेर) पर अपने आंचल से हर दिन अभिषेक करती थी। ग्वालों ने जब इस स्थान की खुदाई की तो यहां महादेव के रूप में स्वयंभू शिवलिंग उभर के सामने आया। इसके बाद 50 वर्ष पहले जब मंदिर का जीर्णोद्धार किया गया तो इस दौरान भी एक शिलालेख यहां पर मिला, जो आज भी मंदिर के पास स्थापित है। वहीं मनकामनेश्वर महादेव मंदिर को लेकर एक मान्यता यह भी है कि यह स्थान माता सती की तपस्थली भी रही है। सावन मास में यहां पर अखंड रामायण पाठ के साथ प्रतिदिन भक्तों द्वारा भोलेनाथ का रूद्राभिषेक के साथ अन्य धार्मिक आयोजन किए जाते हैं। वहीं महाशिवरात्रि पर्व पर यहां पर पांच दिवसीय मेले के आयोजन के साथ बड़ी संख्या में भक्तों द्वारा भाग लेकर बाबा भोलेनाथ का दर्शन कर पूजन अभिषेक किया जाता है।

### प्राचीन भोगेश्वर महादेव मंदिर बड़ागांव





तहसील के ग्राम बडागांव में भी भाटन नदी के किनारे अतिप्राचीन भोगेश्वर महादेव मंदिर स्थित है। इस मंदिर पर भी महाशिवरात्रि पर्व के दौरान दर्शन हेतु भक्तों का तांता लगेगा। इस मंदिर के चमत्कार के किस्से भी यहां के बुजर्गों की जुबां पर आज भी सुन जा सकते है। जिसमें एक समय मध्यरात्रि को ताल-मृदंग के बजने की आवाज वहां हो रहे रात्रि जागरण में सैंकडों भक्तो द्वारा सुनी गई थी, जबकि उस समय गर्भ गृह में कोई उपस्थित नहीं था। उक्त मंदिर झाडी में स्थित होने से इसे झाड़ी वाले महादेव का मंदिर भी कहा जाता है। बताया जाता है कि उक्त स्थल पर शेर-शेरनी का जोड़ा भी यहां के नागरिकों द्वारा देखा गया है। बड़ागांव से 1 किमी दूर भाटन नदी के किनारे घनी झाड़ियों के मध्य भगवान भोगेश्वर महादेव का मंदिर स्थित है। इस मंदिर के संबंध में क्षेत्र के बुजुर्गों द्वारा बताया जाता है कि यहां वर्षों पूर्व शेर-शेरनी का निवासी भी हुआ करता था, जिन्हे कईं लोगों द्वारा यहां पर देखा भी गया है। मंदिर का निर्माण ग्वालियर रियासत के समय करवाया गया था। मंदिर निर्माण के समय से ही ग्वालियर महाराज द्वारा ब्रह्म मुहुर्त में बाबा का पूजन महाअभिषेक और आरती की जो परंपरा प्रारंभ की गई थी, वह परंपरा आज भी जारी है। मंदिर के पूर्व दिशा में श्मशान व पश्चिम दिशा में नदी स्थित है जो कि भगवान भोलेनाथ के मंदिरों के आसपास कम ही दिखाई देती है। श्रावण मास में इस मंदिर पर अखण्ड रामायण पाठ प्रतिवर्ष होता है तथा श्रावण के प्रत्येक सोमवार को भोलेनाथ का भांग,पुष्प, पंचमेवा आदि से मनमोहक श्रृंगार भी किया जाता है। महाआरती के बाद महाप्रसादी का वितरण भी होता है।

## खबर संक्षेप

### देवास के आबकारी उप निरीक्षक निलंबित

**देवास।** शासन के आदेश के बावजूद नए पदस्थापना स्थल पर कार्यभार ग्रहण नहीं करने पर आबकारी विभाग ने सख्त कार्रवाई की है। देवास में पदस्थ आबकारी उपनिरीक्षक दिनेश कुमार भार्गव को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। आदेश ग्वालियर स्थित आबकारी आयुक्त कार्यालय द्वारा जारी किया गया। आदेश के अनुसार भार्गव को 24 अक्टूबर 2025 को कार्यवाहक प्रभारी सहायक जिला आबकारी अधिकारी के रूप में आगर मालवा पदस्थ किया गया था। उन्हें 31 अक्टूबर 2025 से वहां कार्यभार ग्रहण करना था लेकिन तीन माह से अधिक समय बीतने के बाद भी उन्होंने जाइन नहीं किया। इसे वरिष्ठ अधिकारियों के आदेश की अवहेलना और अनुशासनहीनता मानते हुए निलंबन की कार्रवाई की गई। निलंबन अवधि में उनका मुख्यालय जिला आबकारी कार्यालय, मंडला निर्धारित किया गया है तथा नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता दिया जाएगा।

### शिव महापुराण कथा महोत्सव 14 से 16 तक

**देवास।** संस्था जन जागृति, वार्ड क्रमांक 21 द्वारा महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर शिवमहापुराण कथा महोत्सव का भव्य आयोजन होने जा रहा है। यह तीन दिवसीय धार्मिक आयोजन 14 फरवरी 2026, शनिवार से 16 फरवरी 2026, सोमवार तक प्रतिदिन सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे तक आयोजित होगा। कार्यक्रम स्थल ओम साईं विहार कॉलोनी, नर्मदेश्वर महादेव मंदिर के पास निर्धारित किया गया है। संस्था अध्यक्ष राजेश परिहार, पार्षद प्रतिनिधि महेंद्र देशमुख तथा संस्था सचिव सुशांत राव शिंदे ने बताया कि कथा वाचन पं. दीपक महाराज (इंदौर वाले) द्वारा किया जाएगा। कथा के दौरान प्रतिदिन मंत्रोच्चार के साथ पार्थिव शिवलिंग अभिषेक भी सम्पन्न होगा, जिससे श्रद्धालुओं को विशेष आध्यात्मिक लाभ प्राप्त होगा। 14 फरवरी 2026 (शनिवार) भव्य कलश यात्रा के साथ कथा महोत्सव का शुभारंभ होगा। 15 फरवरी 2026 प्रातः 10:30 बजे शिवपुराण स्थापना, पार्थिव शिवलिंग पूजन एवं कथा होंगी। 16 फरवरी 2026 पूर्णाहुति एवं महाआरती के साथ समापन होगा।

### सवर्ण समाज ने निकाली यूजीसी की शव यात्रा, विरोध कर दिया ज्ञापन

# लोगों ने लगाए यूजीसी कानून वापस लो हम अपना अधिकार मांगते हैं जैसे नारे

### प्रतीकात्मक रूप से यूजीसी के पुतले का किया दाह संस्कार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ देवास




शहर में सामान्य वर्ग के विभिन्न संगठनों द्वारा एकजुट होकर विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) के नए प्रावधानों के विरोध में शव यात्रा निकाली गई। कार्यक्रम की शुरुआत सयाजी द्वार पर समाज के प्रमुख पदाधिकारियों एवं सदस्यों की उपस्थिति में हुई। सभा को संबोधित करते हुए समाज प्रमुख पंडित दिनेश मिश्रा, रजनीश पोरवाल, राजेश जैन, सुभाष शिंदे, अनिल पंजवानी, ललित शर्मा, ईश्वर सिंह राजपूत, सुरेंद्र सिंह गौड़, किशोर सिंह राजपूत, हरजीत सिंह खनूजा, सोहन अग्रवाल एवं राम श्रीवास्तव ने अपने विचार व्यक्त किए। वक्ताओं ने कहा कि आज सवर्ण खुद को ठगा सा महसूस कर रहा है। हमारी आवाज उठाने के लिए सभी को संगठित होकर आगे आना होगा। हम लोग पहले से ही आरक्षण, एससी एसटी एक्ट, ओर छात्रवृत्ति की विसंगतियों से परेशान थे अब ये नया यूजीसी कानून ओर आ गया गया।

ये निश्चित है सवर्ण को समाप्त करने की साजिश है। इसके दुरुपयोग से बच्चों का भविष्य तबाह तक हो सकता है। मंच से ही 17 वर्षीय विद्यार्थी आद्या दुबे ने भी शिक्षा व्यवस्था पर संभावित प्रभावों को लेकर अपने विचार रखे। कार्यक्रम का संचालन आदित्य दुबे द्वारा किया गया। आभार विशाल रघुवंशी ने माना। यात्रा का नेतृत्व सवर्ण समाज प्रमुख काला कानून वापस लो के बैनर के साथ कर रहे थे। यात्रा में समाजजन यूजीसी कानून वापस लो, हम अपना अधिकार मांगते हैं जैसे नारों के साथ आगे बढ़े। एम.जी. रोड से होते हुए यात्रा जवाहर चौक पहुंची, जहां राष्ट्रपति के नाम संबोधित ज्ञापन का वाचन कर पंडित दिनेश मिश्रा ने एसडीएम अभिषेक शर्मा को सौंपा। तत्पश्चात प्रतीकात्मक रूप से यूजीसी के पुतले का दाह संस्कार किया गया। पिछले 15 दिनों से आयोजन की तैयारी कर रहे संजय शुक्ला, सुभाष शिंदे, उमेश निम्बालकर, राजेंद्र संघवी, सुरेंद्र सिंह गौड़, तूफान सिंह सोलंकी, शैलेन्द्र चौधरी, अशोक सोमानी, छोटू पांडे, विमल शर्मा, नयन कानूनगो, प्रदीप खरे, महेंद्र उपाध्याय, सुरेश चव्हाण, सोनू पंजाबी, आकाश अवस्थी, प्रमोद जाधव, शिव कुमार संघवी, सुनील जैन, अनूप जैन, आशुतोष श्रीवास्तव , महेंद्र व्यास, रितेश शर्मा, संदेश तिवारी, माताप्रसाद शर्मा, दीपक व्यास, भरतेश जैन, मनोज आहूजा, आयुष भूतड़ा, सुनील भटेले, प्रतीक पंडित,सिद्धार्थ अवस्थी, श्रीकांत उपाध्याय, सुदर्शन दुबे, कपिल व्यास, श्रवण कुमार कानूनगो, दीपक जोशी, चंद्रशेखर दुबे, शैलेन्द्र जैन, मधुसूदन शर्मा, वासुदेव शर्मा, अशोक कुमार चौधरी, अरविंद तिवारी, सुभाष पंड्या, सुरेश फरक्या, , आनंद दुबे, पवन गोयल, रोहित उपाध्याय, दिनेश पोरवाल, कीर्ति चव्हाण, गजानन देशमुख, संजय मालुसरे, भालचंद्र ताकोने, दिलीप सुपेकर, मनोज श्रीवास्तव, माँगेश शर्मा, अशोक पेशवानी, पुरन तलरेजा, कन्हैयालाल नेनानी, मनोज आहूजा, संजय तलरेजा, नंदू खत्री, सुरेश शर्मा सहित लगभग 2000 से अधिक समाजजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम शांतिपूर्ण एवं लोकतांत्रिक तरीके से संपन्न हुआ।




# कुर्की और तालाबंदी करने के बाद बकायादारों ने बकाया राशि कराई जमा

### निगम की टीम सख्ती से कर रही वसूली



हरिभूमि न्यूज ▶▶ देवास

निगम सीमा क्षेत्र के स्थित भवनों, भूमियों के संपत्तिकर की बकाया राशि की वसुली हेतु निगम की टीम निरंतर कुर्की व तालाबंदी की कार्रवाई कर रही है।आयुक्त दलीप कुमार के निर्देशानुसार निगम की टीम सख्ती से वसुली कर रही है।

राजस्व वसुली कार्रवाई में वसुली दल द्वारा वार्ड 39 सरदार पटेल मार्ग निवासी गुलाम हुसैन जुम्मन खॉ के भवन एवं महेश हजारीलाल चौधरी के भवन पर कुर्की की कार्रवाई की तो संबंधित बकायादार द्वारा कार्रवाई के दौरान गुलाम हुसैन जुम्मन खॉ के द्वारा 20 हजार की राशि, महेश हजारीलाल के द्वारा 20 हजार की राशि मौके पर जमा की गई। इसी प्रकार अन्य बकायादरों को तामिल सख्ती पत्र के अनुसार संबंधित बकायादारो पर सख्त कार्रवाई करते हुये दुकान भवनों पर तालाबंदी की कार्रवाई होगी। जिन बकायादरों द्वारा जलकर की राशि बकाया जमा नही करने पर नल कनेक्शन विच्छेद करने के साथ अर्थदण्ड राशि की भी वसुली की जावेगी। 18 व्यवसायकों के मौके पर बनायें ट्रेड लायसेंस 45 हजार की वसुलीइसी अन्तर्गत वसुली की कार्रवाई के दौरान निगम स्वास्थ्य विभाग की भी टीम के द्वारा शहर के विभिन्न क्षेत्रों से बिना लायसेंस व्यवसाय करने पर 18 व्यवसाईयों के मौके पर लायसेंस की कार्रवाई कर 45 हजार की राशि की वसुली की गई। इसमें निगम राजस्व अधिकारी अनूभुती श्रीवास्तव, स्वच्छता निरीक्षक हेमन्त उबनारे, भूषण पवार, सहायक राजस्व निरीक्षक रविन्द्रसिंह ठाकुर, संजय सांगते, विशाल पाटील, गोतम तिवारी व टीम उपस्थित रही।

### खिलाड़ियों ने सॉफ्ट टेनिस चैंपिनशिप में जीता गोल्ड



**देवास।** विश्वामित्र अवार्डी सुदेश सांगते ने बताया कि लुधियाना पंजाब में दिनांक 03 से 08 फरवरी 2026 तक खेली गई 2 री एशियन जूनियर सॉफ्टटेनिस चैंपिनशिप में देवास के खिलाड़ियों भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व करते हुए सिंगल्स अंडर 18 निपुण सांगते ने थाईलैंड को व अंडर 15 में आदित्य बालोदिया ने एवं टीम इवेंट्स में अनुष्का दवन्दे ने चीन को परास्त करते हुए स्वर्ण पदक जीता। खिलाड़ियों के स्वर्ण पदक जीतने पर देवास कलेक्टर ऋतुराज सिंह द्वारा सम्मानित किया गया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि इन खिलाडियों ने देवास का नाम अंतरराष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित किया मैं जिले के प्रतिभावान खिलाड़ियों के लिए जो भी संभव सहयोग होगा उसे उसे करने की पूर्ण कोशिश करूंगा। मध्यप्रदेश सॉफ्टटेनिस संघ की अध्यक्ष डॉ आयुषी देशमुख, सांसद महेंद्र सिंह सोलंकी, भाजपा जिलाध्यक्ष रायसिंह सेंधव, मध्यप्रदेश सॉफ्टटेनिस संघ की सचिव माया सांगते, भाजपा जिला महामंत्री राजेश यादव, देवास जिला सॉफ्टटेनिस के अध्यक्ष महेश चौहान, प्रदेश संघ की उपाध्यक्ष डॉ समीरा नईम, खेलगुरु राधेश्याम सोलंकी, श्रीकांत उपाध्याय, हेमेन्द्र निगम काकू, मनीष जायसवाल, प्रवीण सांगते, कोच गौरव कदम ,कोच प्रीति पंवार ,कमल सिंह,आदि ने खिलाड़ियों को बधाई दी।

### श्री शीलनाथ धुनी संस्थान में मनाया जाएगा महाशिवरात्रि महोत्सव

**देवास।** मल्हार रोड स्थित श्री शीलनाथ धुनी संस्थान में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी महाशिवरात्रि महोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। ट्रस्ट प्रबंधक दिलीप शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि दिनांक 15 फरवरी, रविवार को प्रातः 7 बजे गुरु महाराज का अभिषेक-पूजन किया जाएगा। इसके पश्चात प्रातः 9 बजे महाआरती होगी। संध्या 7 बजे पुनः महाआरती आयोजित की जाएगी। आरती के पश्चात भजन मंडली द्वारा भजनों की प्रस्तुति दी जाएगी। ट्रस्ट अध्यक्ष अजीत भल्ला, ट्रस्टी भगवान सिंह चावड़ा, राजेंद्र महंत, महेंद्रसिंह पडियार, पूर्व प्रबंधक सुरेश गोखले, पुजारी गिरीश उपाध्याय, सुभाष वर्मा, रोशन रायकवार, जय सिंह, निलेश वर्मा, नितेश वर्मा, चेतन पंवार, उमेश चौहान, प्रमोद चौहान, मंथन परिहार, दिव्यांशु, संतोष वर्मा सहित भक्त मंडल ने श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर महाशिवरात्रि महोत्सव का लाभ लेने की अपील की है।




# औद्योगिक थाना पुलिस ने अड़ीबाजी करके मारपीट करने वाले 4 कुख्यात आरोपियों को किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ देवास



फरियादी जितेन्द्र पिता श्रीनिवास शर्मा निवासी सिंगापुर टाउनशिप इंदौर जो शंकरगढ़ बायपास पर 'तंदूरी ट्रीट फैमिली रेस्टोरेंट' का संचालन करते हैं ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि 12 फरवरी 2026 की रात लगभग 02:30 से 03:00 बजे के बीच अक्षय व्यास अपने साथियों निखिल नागर, देवेंद्र और रूपेश के साथ रेस्टोरेंट पहुँचा । आरोपियों ने असमय भोजन की मांग की और मना करने पर गाली-गलौज करते हुए स्वयं को क्षेत्र का 'दादा' बताया। आरोपियों ने शराब और खाने के लिए 5,000 रुपये की अवैध मांग (अड़ीबाजी) की । जब फरियादी ने पैसे देने से मना किया और पुराना बकाया माँगा तो आरोपियों ने डंडों, बेल्ट और पत्थरों से उन पर जानलेवा हमला कर दिया।

फरियादी ने कमरे में छिपकर अपनी जान बचाई, जिसे आरोपियों ने दरवाजा तोड़कर अंदर घुसकर पीटा । फरियादी की रिपोर्ट पर थाना औद्योगिक क्षेत्र में अपराध क्रमांक 120/2026 के तहत बी.एन.एस. की विभिन्न धाराओं 119(1), 115(2), 296(a), 351(3), 331(4), 3(5) का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक देवास पुनीत गेहलोद द्वारा आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी के निर्देश दिए गए। जिस पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जयवीर सिंह भदौरिया एवं नगर पुलिस अधीक्षक सुमित अग्रवाल के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी औद्योगिक क्षेत्र निरीक्षक शशिकांत चौरसिया के नेतृत्व में पुलिस टीम का गठन किया गया।टीम द्वारा तकनीकी साक्ष्यों और मुखबिर की सूचना के आधार पर मात्र 12 घंटे के भीतर घेराबंदी कर निम्नलिखित चारों आरोपियों को गिरफ्तार किया ।

पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से हमले में प्रयुक्त डंडे, बेल्ट और पत्थर जब्त किए हैं। मुख्य आरोपी अक्षय व्यास के विरुद्ध पूर्व में भी एक दर्जन से अधिक आपराधिक मामले दर्ज हैं। आरोपियों को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर जेल भेजने की वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।गिरफ्तार आरोपियों मेंअक्षय पिता दीपक व्यास उम्र 34 वर्ष निवासी प्रेमनगर पार्ट-02, निखिल पिता कैलाशचंद्र नागर उम्र 32 वर्ष निवासी अनुकूल नगर, देवेन्द्र उर्फ देवा उर्फ रूपेश पिता अजय मांडोले उम्र 25 वर्ष निवासी विजयनगर औरदीपेश उर्फ राजा पिता कमल गिरी गोस्वामी उम्र 32 निवासी विजयनगर को गिरफ्तार किया है। उक्त सराहनीय कार्य में थाना प्रभारी औद्योगिक क्षेत्र निरीक्षक शशिकांत चौरसिया, प्रधान आरक्षक शांतिलाल,मोहन वसुनिया, आरक्षक अजय जाट और सैनिक ज्ञानेंद्र द्विवेदी की मुख्य भूमिका रही ।

# बदहाल हो रही स्वास्थ्य सेवाः लोकार्पण के इंतजार में उप स्वास्थ्य केंद्र भवन खंडहर में हो रहा तब्दील

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चापड़ा




स्वास्थ्य के क्षेत्र में आम जनता को बेहतर सुविधा मिले इसके लिए सरकार द्वारा करोड़ों रुपए खर्च किए जा रहे हैं। इसी के चलते शासकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बागली के नगर करनावद में एक करोड़ से अधिक की लागत से शासकीय उप स्वास्थ्य केंद्र भवन का निर्माण किया गया है। उक्त भवन निर्माण कार्य पूर्ण हुए लगभग 8 माह हो चुके है।

इसके बावजूद भी उक्त भवन का लोकार्पण आज तक नहीं हो पाया है। लोकार्पण के इंतजार में यह भवन अखंडर बनता जा रहा है। जिम्मेदार स्वास्थ्य विभाग की अनदेखी के कारण इसका लोकार्पण नहीं हो पा रहा है, जिसके कारण इस भवन का लाभ क्षेत्र के लोगों को नहीं मिल पा रहा है। इस भवन का लोकार्पण यदि होता है तो इसमें बेहतर स्वास्थ्य सुविधा क्षेत्र के लोगों को मिल सकती है। पूर्व विधायक पहाड़सिंह सिंह कन्नौजे के प्रयास से इस उप स्वास्थ्य केंद्र की स्वीकृति हुई थी और भवन निर्माण हुआ, लेकिन वर्तमान में एकला चलो राजनीति के चलते यह भवन राजनीति की भेंट चढ़ता दिखाई दे रहा है, लेकिन स्वास्थ्य विभाग में बैठे जिम्मेदार भी इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं। जब भी यह मामला मीडिया में आता है,तो स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी जल्द ही इस भवन में स्वास्थ्य सेवाएं प्रारंभ करने की बात कहते हैं, लेकिन राजनीतिक दबाव के चलते इसका लोकार्पण नहीं हो पा रहा है। करनावद क्षेत्र के आसपास कहीं छोटे-बड़े गांव लगते हैं, और उन्हीं को ध्यान में रखते हुए इस भवन का निर्माण किया गया है।

अनदेखी के कारण लोकार्पण से पहले ही यह भवन खंडर बनने लगा है और असामाजिक तत्वों द्वारा भवन के आसपास लगी खिड़कियों के कांच पूरी तरफ फोड़ दिए गए हैं, लेकिन किसी भी जिम्मेदार को इसकी भनक नहीं है।

आम जनता का पैसा इस भवन निर्माण में लगा है और जिस उद्देश्य से सरकार ने भवन की स्वीकृति देखकर यहां पर नवीन स्वास्थ्य सेवा प्रारंभ करने के उद्देश्य से भवन को बनाया है। यह पूरा होता नहीं दिखाई दे रहा है। या कहे कि इस भवन को लेकर राजनीति हो रही है, जिसके कारण इसका लोकार्पण अभी तक नहीं हो पाया है। इस भवन का निर्माण कार्य पूर्ण हुए को लगभग 8 माह से अधिक का समय हो चुका है, फिर भी किसी को भी इसकी चिंता नहीं है और ऐसा ही चला रहा तो जल्द ही यह भवन खंडहर में तब्दील हो जाएगा।

### किसान कांग्रेस ने भारत सरकार की कृषि ट्रेड डील का किया विरोध, दिया ज्ञापन

# डील को सोयाबीन, डेयरी उत्पादक किसानों के लिए बताया खतरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ देवास



भारत सरकार की कृषि ट्रेड डील का विरोध करते हुए किसान कांग्रेस जिला अध्यक्ष विश्वजीत सिंह चौहान के नेतृत्व में देवास जिलाधीश के नाम आवेदन तहसील परिसर हाटपिप्लिया में तहसीलदार सोनम भगत को दिया। इस अवसर पर ज्ञापन का वाचन करते हुए विश्वजीत सिंह चौहान ने बताया कि भारत सरकार द्वारा अमेरिका के साथ की गई कृषि ट्रेड डील मे सोयाबीन तेल पर शून्य प्रतिशत टैरिफ आयत का फैसला देश के किसानों खासकर मध्यप्रदेश के सोयाबीन उत्पादकों के लिए बेहद चिंताजनक है।

मध्यप्रदेश को देश का सोयाबीन राज्य कहां जाता है जहां लाखों किसान अपनी रोजी-रोटी के लिए सोयाबीन की खेती पर निर्भर है जब विदेशी सोयाबीन तेल बिना किसी टैरिफ के भारत में आएगा तो बाजार में उसकी कीमत कम होगी और स्थानीय सोयाबीन की मांग व कीमत दोनों गिरेगी। इसका सीधा असर किसानों की आय पर पड़ेगा।सोयाबीन के दाम गिरेंगे, तेल मिलो की खरीद घटेगी, किसानों के लिए लागत निकालना भी मुश्किल हो जाएगा।सिर्फ सोयाबीन ही नहीं इसका असर डेयरी सेक्टर पर भी पड़ेगा, जब चीज मक्खन और दूध से जुड़े उत्पादों का आयात भी शुन्य शुल्क पर होगा तो देश के दुग्ध उत्पादको पर दबाव बढ़ेगा। कृषि आधारित ग्रामीण अर्थव्यवस्था आपस में जुड़ी हुई है जब फ़सल आमदनी घटेगी तो पशुपालन और डेयरी भी प्रभावित होगी ,कुल मिलाकर यह फैसला किसानों की आर्थिक स्थिति को कमजोर कर सकता हैं और मध्यप्रदेश सहित पुरे देश के सोयाबीन व डेयरी किसानों की कमर तोड़ने जैसा साबित हो सकता है। कृषि नीति बनाते समय किसानों के हितों की रक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए ताकि आत्मनिर्भर कृषि और मजबूत ग्रामीण अर्थव्यवस्था का सपना साकार हो सके।

इस अवसर पर पूर्व ग्रामीण जिला कांग्रेस अध्यक्ष अशोक पटेल,युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष किशोर चौहान,पार्षद राजेश तंवर ने किसानो को संबोधित किया एवं आभार जनपद सदस्य गब्बर चौहान ने किया। इस अवसर पर शिप्रा ब्लॉक अध्यक्ष बलराम यादव प्रदेश सचिव ब्रजपाल सिंह राजावत,पुर्व पार्षद कविता पटेल,जगदीश जाट,सफी मंसूरी,सुरेंद्र सेंधव,विजय ठाकुर,अरविंद मुकाती,जितेंद्र गोठी,सुनील नागर,पप्पू बालानी,महरवान सिंह,मान सिंह ,मुकेश सोलंकी,हुक्म सिंह,श्रवण सिंह चौहान,आकाश टांक,हैमर सिंह नागर,सतीश ठाकुर कैलाश नागर, आसिक भाई, अर्जुन सोलंकी, शेखर पटेल, रोशन नागर, आशीष मेश्रा सहित कांग्रेस कार्यकर्ता व किसान साथी मौजूद रहे।

# कार ने स्कूटी को मारी टक्कर, एक की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ देवास

एक सडक़ हादसे में गुरुवार रात को एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि एक अन्य घायल हो गया। बीएनपी थाना क्षेत्र के आवास नगर में एक तेज रफ्तार ईवी कार ने स्कूटी को टक्कर मार दी।

जानकारी के अनुसार, राजेश गोस्वामी (36), निवासी सोमेश्वर मंदिर नाहर दरवाजा, बीती रात करीब 12 बजे दोपहिया वाहन चालक विशाल सोलंकी से लिफ्ट लेकर अपने घर जा रहे थे। आवास नगर चौराहे के पास एक तेज रफ्तार ईवी कार ने लापरवाही से वाहन चलाते हुए उनके स्कूटी को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों करीब 60 फीट दूर जा गिरे। हादसे के बाद दोनों घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया गया।

चिकित्सकों ने राजेश गोस्वामी को जांच के बाद इंदौर रेफर कर दिया। परिजन उन्हें शहर के एक निजी अस्पताल ले गए, लेकिन रास्ते में ही राजेश ने दम तोड़ दिया। शुक्रवार सुबह जिला अस्पताल में मृतक राजेश का पोस्टमार्टम किया गया। राजेश बांगर स्थित टोल टैक्स पर नौकरी करते थे। टक्कर मारने वाली कार देवास के अनाज मंडी व्यापारी की बताई जा रही है। कार की रफ्तार काफी तेज थी और हादसे के बाद उसके एयरबैग भी खुल गए थे। हादसे के बाद कार चालक मौके से फरार हो गया। फिलहाल, पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

# देवगढ़ में स्थित पंचमुखी श्री महादेव मंदिर में महारुद्राभिषेक कल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर।

सनातन धर्म की पावन एवं ऐतिहासिक भूमि देवगढ़ में स्थित लगभग एक हजार वर्ष प्राचीन श्रीपशुपतिनाथ महादेव (पंचमुखी) मंदिर में महाशिवरात्रि महोत्सव का भव्य एवं दिव्य आयोजन किया जा रहा है। इस प्राचीन मंदिर में पंचमुखी महादेव विराजमान हैं तथा विशेष आस्था के अनुसार यहां हनुमानजी युगल रूप में विराजमान हैं, जिससे इस धाम की धार्मिक एवं आध्यात्मिक महत्ता और भी बढ़ जाती है। आयोजन समिति के अनुसार कार्यक्रमों का शुभारंभ शनिवार, 14 फरवरी को सुबह 9 बजे अखंड श्रीराम चरितमानस पाठ से होगा। वहीं रविवार, 15 फरवरी को सुबह 8 बजे से रुद्राभिषेक आयोजित किया जाएगा, जिसके उपरांत श्रद्धालुओं के लिए महाप्रसाद (भण्डारा) की व्यवस्था रहेगी। पूजन में सम्मिलित होने, सहयोग एवं दान संबंधी जानकारी हेतु श्रद्धालु समिति के संपर्क सूत्रों पर संपर्क कर सकते हैं। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए बेतवा नदी में भ्रमण हेतु नौकायन की विशेष व्यवस्था भी की गई है। यह आयोजन देवगढ़ सनातन धर्मरक्षा समिति (पंजी.) द्वारा ग्रामवासियों, क्षेत्रवासियों एवं सहयोगियों के सहयोग से संपन्न कराया जा रहा है। इस संबंध में विस्तृत जानकारी समिति के अध्यक्ष आचार्य पं.रवि तिवारी द्वारा प्रदान की गई। आयोजन समिति ने समस्त श्रद्धालुओं से सपरिवार उपस्थित होकर महोत्सव को सफल बनाने की अपील की है।

**कार्यक्रमों का शुभारंभ आज सुबह 9 बजे से अखंड श्रीराम चरितमानस पाठ से होगा**



### मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के निशुल्क कोचिंग सेंटर का निरीक्षण किया

# जिलाधिकारी ने प्रश्न पूछकर छात्रों की तैयारी और शिक्षण का आकलन किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

जिलाधिकारी सत्य प्रकाश ने मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के तहत संचालित निःशुल्क कोचिंग सेंटर का निरीक्षण किया। यह केन्द्र के जीआईसी परिसर में संचालित है, जहां आर्थिक रूप से कमजोर, प्रतिभावान और मेहनती छात्र-छात्राओं को विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कराई जा रही है। इस दौरान जिलाधिकारी ने कक्षाओं का अवलोकन किया और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे विद्यार्थियों से सीधे संवाद किया। उन्होंने पढ़ाए जा रहे विषयों से संबंधित प्रश्न पूछकर छात्रों की तैयारी और शिक्षण की गुणवत्ता का आकलन किया।

साथ ही विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें मन लगाकर कठिन परिश्रम के साथ अध्ययन करने का आह्वान किया, ताकि वे अपने लक्ष्य को प्राप्त कर सकें। डीएम ने स्पष्ट किया कि बच्चों की प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी में किसी भी प्रकार की कमी नहीं आने दी जाएगी। आवश्यकता पडऩे पर स्वयं भी कक्षाएं लेकर मार्गदर्शन दिया जाएगा। उन्होंने कोचिंग सेंटर के केंद्र प्रभारी को निर्देश दिए कि विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के अनुसार अध्यापकवार समय-सारिणी तैयार कर प्रस्तुत करें। साथ ही जरूरत पडऩे पर कुछ जिला स्तरीय अधिकारियों को भी कोचिंग में कक्षाएं लेने के लिए लगाए जाने के निर्देश दिए। इस दौरान जिलाधिकारी ने अध्यापन कर रहे शिक्षकों से भी संवाद किया और ऑनलाइन माध्यम से तैयारी की प्रक्रिया को बच्चों के समक्ष स्पष्ट रूप से समझाने के निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त डीआईओएस एवं जीआईसी प्रधानाचार्य को भी कोचिंग सेंटर की नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने को कहा गया। इस दौरान एडीएम, एसडीएम व डीआईओ सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे।



### ग्रामीणों ने आरोप लगाकर डीएम के नाम सौंपा ज्ञापन

# लाइनमैन की मनमानी से गांव अंधेरे में डूब गया, बच्चों की पढ़ाई प्रभावित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

ब्लॉक बिरधा अंतर्गत ग्राम नयागांव में बीते करीब एक माह से विद्युत आपूर्ति ठप होने से ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि जेई के कहने पर लाइनमैन व संबंधित कर्मचारियों द्वारा गांव की बिजली काट दी गई, जिसके बाद से गांव अंधेरे में डूबा हुआ है।

ग्रामीणों के अनुसार आगामी 18 फरवरी 2026 से हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट की परीक्षाएं प्रारंभ होनी हैं, लेकिन बिजली न होने के कारण बच्चों को रात में पढ़ाई करने में भारी दिक्कत हो रही है। इससे परीक्षार्थियों और उनके अभिभावकों की चिंता लगातार बढ़ती जा रही है। अंधेरे के कारण गांव में चोरी की घटनाओं की आशंका भी बनी हुई है। साथ ही रात के समय जंगली जानवरों व जहरीले जीव-जंतुओं के गांव में घुस आने का खतरा भी बना रहता है, जिससे किसी भी समय जनहानि की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता। इस गंभीर समस्या को लेकर ग्रामवासियों ने जिलाधिकारी को शिकायती पत्र सौंपते हुए तत्काल गांव की बिजली आपूर्ति बहाल कराने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि शीघ्र ही विद्युत आपूर्ति चालू नहीं की गई, तो बच्चों की पढ़ाई के साथ-साथ गांव की सुरक्षा भी प्रभावित होती रहेगी। ग्रामीणों ने प्रशासन से जल्द से जल्द हस्तक्षेप कर समस्या का समाधान कराने की मांग की है, ताकि परीक्षार्थी शांतिपूर्वक पढ़ाई कर सकें और गांव में सामान्य जनजीवन बहाल हो सके। ज्ञापन देते समय देशराज, मनोहरसिंह, सन्तराम सिंह, नन्दराम, सुमरन, पूर्व प्रधान हरलाल, अभिषेक, छोटू, मोहन, पृथ्वीराज, बृजेन्द्र सिंह, मनराखन, राजू, हरीबाई, नीरज, हल्कू, नमनी, तुलाराम, चन्दन सिंह, लीलाधर, भुजबल, मुन्ना, लालसिंह समेत अनेक ग्रामीण मौजूद रहे।

### मेला 2026 के अंतर्गत आयोजित क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल

# पाली महोत्सवः खिताब झांसी के नाम संकुल शाक्य बने मैन ऑफ द मैच

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पाली

पाली खेल एवं मेला महोत्सव 2026 के अंतर्गत आयोजित क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला रविवार को पाली खेल स्टेडियम में खेला गया। इस महामुकाबले में झांसी की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए नोएडा को 23 रनों से पराजित कर टूर्नामेंट का खिताब अपने नाम कर लिया। फाइनल मैच देखने के लिए स्टेडियम में भारी भीड़ उमड़ी और करीब 30 हजार से अधिक दर्शकों की मौजूदगी ने आयोजन को ऐतिहासिक बना दिया। फाइनल मुकाबले की शुरुआत अनोखे अंदाज में हुई।

टॉस चांदी के सिक्के से उछाला गया, जिसे झांसी ने जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए झांसी की टीम ने निर्धारित 20 ओवरों में 7 विकेट खोकर 166 रन बनाए। झांसी की ओर से संदीप प्रजापति ने सर्वाधिक 47 रनों की पारी खेली। वहीं तनिष्क यादव और विवेक तिवारी ने 33-33 रन बनाकर टीम को मजबूत स्कोर तक पहुंचाया। संजय ने भी 16 रनों का योगदान दिया। नोएडा की ओर से गेंदबाजी में विवेक धामी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 3 विकेट झटके। जबकि अक्षय ठाकुर और पैडी ने 2-2 विकेट लेकर झांसी की रन गति पर अंकुश लगाने का प्रयास किया। 167 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी नोएडा की टीम शुरुआत से ही दबाव में नजर आई। नोएडा ने निर्धारित 20 ओवरों में 7 विकेट के नुकसान पर 143 रन ही बनाए और लक्ष्य से 23 रन पीछे रह गई। नोएडा की ओर से हर्ष चावड़ा ने सर्वाधिक 43 रन बनाए। रितिक ने 25 रन, आर्यन ने 16 रन, अक्षय ने 15 रन और प्रियांश ने 14 रनों का योगदान दिया। लेकिन टीम के अन्य बल्लेबाज झांसी के गेंदबाजों के सामने टिक नहीं सके। इस जीत के साथ झांसी की टीम ने फाइनल कप पर कब्जा जमाकर पाली खेल एवं मेला महोत्सव 2026 क्रिकेट टूर्नामेंट की चौंपियन बनने का गौरव प्राप्त किया। फाइनल मुकाबले में शानदार ऑलराउंड प्रदर्शन करने वाले संकुल शाक्य को मैन ऑफ द मैच चुना गया। उन्होंने 23 रन बनाने के साथ-साथ गेंदबाजी में 4 ओवर में 15 रन देकर 3 विकेट झटके।

इस शानदार प्रदर्शन के लिए उन्हें 1100 रुपए नकद और शील्ड देकर सम्मानित किया गया। पूरे टूर्नामेंट में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले झांसी टीम के तनिष्क यादव को मैन ऑफ द सीरीज (प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट) चुना गया। तनिष्क ने टूर्नामेंट में 51 रन बनाने के साथ-साथ 10 विकेट भी लिए। उन्हें 11000 रुपए नकद पुरस्कार और शील्ड देकर सम्मानित किया गया। झांसी टीम को विजेता बनने पर 1 लाख रुपए नकद पुरस्कार, चांदी का सिक्का और शील्ड प्रदान की गई। साथ ही सभी खिलाडिय़ों को मेडल पहनाकर सम्मानित किया गया। वहीं उपविजेता टीम नोएडा को 51 हजार रुपए नकद और शील्ड देकर सम्मानित किया गया। नोएडा टीम के खिलाडिय़ों को भी मेडल पहनाकर सम्मानित किया गया।

फाइनल मुकाबले में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष नन्द किशोर सोनी, जयकुमार जैन, इन्द्र जीत सिंह, डॉ सुशांत जैन, डॉ विपुल, महेन्द्र जैन, सुदामा साहू और मुन्ना लाल साहू मौजूद रहे। अतिथियों ने खिलाडिय़ों का उत्साहवर्धन करते हुए विजेता और उपविजेता टीम को पुरस्कार वितरित किए। फाइनल मुकाबले में अंपायर की भूमिका सुरेश सेन और राजू परिहार ने निभाई। स्कोरिंग का कार्य अरुण राजा और श्रीकांत विश्वकर्मा ने किया। वहीं कमेंट्री का जिम्मा प्रमोद प्रजापति, पुष्पेन्द्र सिंह ठाकुर और पुष्पेन्द्र चौरसिया ने संभाला। पाली खेल एवं मेला महोत्सव में इस बार दर्शकों की संख्या ने नया रिकॉर्ड बनाया। फाइनल मैच देखने के लिए पाली खेल स्टेडियम में करीब 30 हजार से अधिक दर्शक पहुंचे। वहीं पूरे महोत्सव के दौरान अब तक लगभग 2 लाख 50 हजार दर्शक आयोजन का हिस्सा बन चुके हैं। कार्यक्रम अध्यक्ष मनीष कुमार तिवारी ने आभार माना।

# एसपी ने साप्ताहिक परेड का निरीक्षण किया, व्यवस्थाएं देखी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

रिजर्व पुलिस लाइन्स में आयोजित साप्ताहिक परेड की सलामी लेकर एसपी मो.मुश्ताक ने परेड का निरीक्षण किया। इस दौरान परेड की ड्रिल, अनुशासन, ड्रेस कोड तथा आपसी तालमेल की गुणवत्ता का सूक्ष्मता से अवलोकन करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

एसपी ने रिजर्व पुलिस लाइन्स परिसर स्थित विभिन्न शाखाओं में शस्त्रागार, परिवहन शाखा, भोजनालय, क्वार्टर गार्ड, कैंटीन, कंट्रोल रूम एवं वर्दी स्टोर का स्थलीय निरीक्षण कर साफ-सफाई, अभिलेखों के बेहतर रख-रखाव तथा संसाधनों की उपलब्धता की समीक्षा कर सुधार के निर्देश दिए गए। निरीक्षण केक्रम में डायल-112 के पीआरवी वाहनों की भी जांच की गई। वाहनों की साफ-सफाई, वायरलेस सेट, जीपीएस ट्रैकर, टैब/मोबाइल की कार्यशीलता एवं अन्य आपातकालीन उपकरणों की स्थिति का परीक्षण किया गया। पीआरवी स्टाफ को आमजन के प्रति संवेदनशील, संयमित एवं सेवा भाव से कार्य करने के लिए प्रेरित करते हुए त्वरित रिस्पॉन्स टाइम को और बेहतर बनाने के सुझाव दिए गए। एसपी ने अर्दली रूम का आयोजन भी किया गया, जिसमें रिजर्व पुलिस लाइन्स के विभिन्न रजिस्टरों का अवलोकन किया गया। विभागीय अनुशासनात्मक कार्यवाहियों, शिकायतों एवं लंबित पत्रावलियों की प्रगति की समीक्षा करते हुए उनके शीघ्र निस्तारण हेतु संबंधित शाखा प्रभारियों को निर्देशित किया गया। परेड में शामिल पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों की समस्याओं को भी सुना गया तथा उनके त्वरित समाधान के निर्देश दिए गए। इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी सदर सुनील भारद्वाज, प्रतिसार निरीक्षक सहित अन्य पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।



## चोर जेवरात चोरी कर भागे, एफआईआर दर्ज

**ललितपुर।** कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला तालाबपुरा में सूने मकान को निशाना बनाकर अज्ञात चोरों ने लाखों के जेवरात पार कर दिए। पीड़िता तालाबपुरा निवासी प्रीति पत्नी मनोज ने कोतवाली में तहरीर देकर बताया कि वह मटर काटने केलिए अपने मायके गई हुई थीं और घर पर ताला लगा था। पीड़िता के अनुसार 8 फरवरी 2026 को जब वह वापस लौटीं तो घर के भीतर सामान बिखरा पड़ा मिला। अलमारी व बक्सों की तलाशी लेने पर सोने के हार, दो कंगन, बड़ी-बड़ी पायल सहित सोने-चांदी के अन्य जेवरात गायब पाए गए।

# 31 मार्च से होगा बाबा सदन के उर्स का आगाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

कौमी एकता के प्रतीक अजीमुश्शान हजरत बाबा सदनशाह रहमत उल्ला अलैह का 108वां सालाना उर्स की तैयारियां जोरों पर चल रहीं हैं। इस बार उर्स राज्यमंत्री मनोहरलाल पंथ के मुख्य संरक्षण व प्रेस क्लब अध्यक्ष राजीव बबेले के संयोजन में सम्पन्न कराया जायेगा। उर्स आगाज 31 मार्च को मुशायरे से होगा। 1 अप्रैल से तीन अप्रैल तक कव्वालियों का सिलसिला चलेगा। चार अप्रैल को इज्तिमाई शादियां सम्पन्न कराई जाएंगी। इज्तिमाई शादियों के पंजीयन शुरू हो गये हैं। उर्स मेले में अन्तराष्ट्रीय प्रख्यात कव्वालों के अतिरिक्त शायरों का जहां जमावड़ा रहेगा, वहीं देश के कौने-कौने से लोग आकर उर्स में बाबा की दरगाह की जियारत करेंगे। कौमी एकता की मिसाल हजरत बाबा सदनशाह रहमत उल्ला अलैह की दरगाह पर होने वाले सालाना उर्स की तैयारियों को लेकर दरगाह परिसर में उर्स कमिटि द्वारा काम जोरों पर शुरू कर दिया गया है। उर्स कमेटी जनरल सेकेट्री मोहम्मद नसीम ने बताया कि 31 मार्च को ऑल इंडिया मुशायरा होगा। शादियों के पंजीयन के लिये हजरत बाबा सदनशाह की दरगाह पर रज्जब अली शाह व शकील कुरैशी से सम्पर्क कर पंजीयन करा सकते हैं।



# युवती की संदिग्ध मौत, आत्महत्या के लिए युवक पर उकसाने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत एक किराये के मकान में रह रही युवती की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत का मामला सामने आया है। इस संबंध में मृतका के पिता की तहरीर पर पुलिस ने एक युवक के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने सहित गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम झरकौन मजरा हरपुरा निवासी भवानी सिंह की पुत्री अंजना ललितपुर शहर के कैलागुवां रोड स्थित किराये के मकान में रहकर ब्यूटी पार्लर का संचालन करती थी। परिजनों का आरोप है कि गांव के ही निवासी कृष्णपाल सिंह उर्फ पप्पू यादव लंबे समय से अंजना को शादी के लिए दबाव बना रहा था। मना करने पर वह उसे लगातार परेशान कर रहा था और जान से मारने की धमकियां दे रहा था। परिजनों का यह भी आरोप है कि आरोपी ने युवती के अश्लील फोटो व वीडियो बनाकर उन्हें वायरल करने की धमकी दी, जिससे वह मानसिक रूप से अत्यधिक तनाव में आ गई। 11 फरवरी को जब परिजन उससे संपर्क नहीं कर पाए तो वे उसके किराये के कमरे पर पहुंचे, जहां दरवाजा अंदर से बंद था। दरवाजा खोलने पर अंजना का शव दुपट्टे के फंदे से लटका मिला। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया।

### नवागढ़ तीर्थ के योगदान को मिला राष्ट्रीय सम्मान

# मरणोपरांत पं. गुलाबचंद्र पुष्प को संस्कृति संरक्षक अतिवीराचार्य सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

जनपद के प्रागैतिहासिक तीर्थक्षेत्र नवागढ़ को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने वाले पं. गुलाबचंद्र पुष्प को मरणोपरांत संस्कृति संरक्षक अतिवीराचार्य सम्मान से सम्मानित किया गया। यह भव्य सम्मान समारोह देश की राजधानी नई दिल्ली स्थित केदारनाथ साहनी ऑडिटोरियम में आचार्यश्री अतिवीरसागर महाराज के सान्निध्य में आयोजित हुआ। समारोह में पुष्प परिवार की ओर से नवागढ़ तीर्थक्षेत्र के निर्देशक ब्र.जयकुमार निशान्त सहित परिजनों ने सम्मान ग्रहण किया।

सम्मान स्वरूप तीन लाख रुपये की सम्मान राशि, प्रशस्ति पत्र, श्रीफल, अंगवस्त्र, तिलक, माला एवं बोलती जिनवाणी प्रदान की गई। आचार्यश्री अतिवीरसागर महाराज ने कहा कि जिस कालखंड में दोझतीन वर्षों में एक पंचकल्याणक संपन्न होता था, उस समय पं.गुलाबचंद्र पुष्प ने आगम सिद्धांतों के अनुरूप स्नेह और वात्सल्य से परिपूर्ण 155 पंचकल्याणक कराए। उन्होंने नवागढ़ तीर्थ की खोज एवं विकास में पं. पुष्प के योगदान को अतुलनीय और अविस्मरणीय बताया। संस्कृति संरक्षण की दिशा में उनकी स्मृति में श्रीनवागढ़ गुरुकुलम् की स्थापना को भी अनुकरणीय कदम बताया गया।

समारोह में उपाध्याय रविंद्र मुनि को जिन शासन प्रभावना सम्मान, प्रो.वीरसागर जैन को जैन न्याय दर्शन सम्मान तथा पक्षियों के धर्मार्थ चिकित्सालय, लाल मंदिर (दिल्ली) को जीव दया परोपकार सम्मान प्रदान किया गया। कार्यक्रम का संचालन विवेक जैन ने किया एवं आभार समीर जैन ने व्यक्त किया। इस गौरवपूर्ण उपलब्धि पर नवागढ़ तीर्थक्षेत्र समिति एवं नवागढ़ गुरुकुलम् समिति सहित जिले के सामाजिक, धार्मिक एवं प्रबुद्धजनों ने हर्ष जताया। समारोह का शुभारंभ ध्वजारोहण से हुआ, गरिमामय सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के बीच आचार्यश्री का पिच्छी परिवर्तन एवं पूजन संगीतमय वातावरण में संपन्न हुआ।




## खबर संक्षेप



### बेसिक लाइफ सपोर्ट प्रशिक्षण शिविर लगाया

**ललितपुर।** मेदांता हॉस्पिटल नोएडा व लायंस क्लब ललितपुर-इगनाईट एवं सिद्धि बाहुबली मेमोरियल हॉस्पिटल के तत्वावधान में बेसिक लाइफ सपोर्ट प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष कैलाश नारायण व लायन्स क्लब डिस्टिक गवर्नर सन्मति सराफ रहे, जिसमे मेदांता अस्पताल की क्लीनिकल इंचार्ज बेसिक लाइफ सपोर्ट (बीएलएस) शेरोन चरन ने ट्रेनिंग के दौरान बताया कि जब किसी व्यक्ति को रास्ते में चिकित्सा की आवश्यकता हो तो उसे कैसे अस्पताल तक पहुंचाने के पहले कैसे चेक करें उसको कैसे सीपीआर दें। सीपीआर किस प्रकार दी जाए जिससे कि मरीज को तुरंत आराम मिल सके एवं उसकी किसी भी कंडीशन में नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया जाए। अगर किसी को सांस लेने में तकलीफ हो रही हो या खाना गले में फंस गया हो तो उसको किस प्रकार मदद पहुंचाई जाए यह भी ट्रेनिंग के दौरान सिखाया गया। इस ट्रेनिंग में डा.अनिमेष जैन, डा.समर्थ सिंघई, डेंटिस्ट डा.विक्रम सिंह, रोहित जैन, वैभव, अर्पित, अंकित, अनिल सूर्यवंशी, आदर्श श्रीवास्तव, आकाश श्रीवास्तव, संजय पवैया, आयुष जैन, प्रभात सिंह चौहान, स्टाफ नर्स उपस्थित रहे। वहीं डा. आलोक जैन ने आभार जताया।

### अधिवक्ता की हत्या, बार एसोसिएशन ने ज्ञापन सौंपा

**ललितपुर।** उत्तर प्रदेश के जिला रामपुर में अधिवक्ता की गोली मारकर हत्या किए जाने की घटना को लेकर जिला बार एसोसिएशन में भारी आक्रोश व्याप्त है। शुक्रवार को बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों और अधिवक्ताओं ने राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी (न्यायिक) मदन मोहन गुप्ता को सौंपकर आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी और कठोर कार्रवाई की मांग की। ज्ञापन में बताया गया कि 11 फरवरी को बार एसोसिएशन रामपुर के सदस्य अधिवक्ता फारुख अहमद की गोली मारकर निर्मम हत्या कर दी गई थी। इस जघन्य घटना से प्रदेशभर के अधिवक्ताओं में रोष है। अधिवक्ताओं ने कानून-व्यवस्था पर गंभीर सवाल उठाते हुए अपनी सुरक्षा सुनिश्चित किए जाने की मांग की है। बार एसोसिएशन ने मृतक अधिवक्ता के परिजनों को 50 लाख रुपये की आर्थिक सहायता देने, परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी प्रदान करने की भी मांग की है। इसके साथ ही अधिवक्ताओं की सुरक्षा को लेकर 'एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्टइ को शीघ्र लागू करने की मांग भी उठाई गई। इस दौरान जिला बार एसोसिएशन अध्यक्ष हरीराम राजपूत, महामंत्री संतोष सिंह यादव सहित अन्य पदाधिकारी, अधिवक्ता मौजूद रहे। सभी ने एक स्वर में दोषियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार कर कड़ी सजा दिलाने की मांग की।

### मारपीट व तोड़फोड़ पर एफआईआर दर्ज

**ललितपुर।** कोतवाली क्षेत्र के चौकाबाग मोहल्ले में मारपीट, गाली-गलौज और तोडफ़ोड़ का मामला सामने आया है। पीड़ित रामेश्वर पुत्र रामचरन ने कोतवाली थाने में तहरीर देकर आरोप लगाया कि 12 फरवरी की रात करीब 9.15 बजे मोहल्ले के ही मोगली पुत्र बल्ले तथा उसके साथ आए कुछ अज्ञात लोगों ने बिना कारण उनके घर पहुंचकर गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर आरोपियों ने लात-घूंसे और लाठी-डंडों से मारपीट की, जिससे उन्हें गंभीर चोटें आईं। पीड़ित के अनुसार शोर सुनकर उनकी पत्नी और बच्चे बीच-बचाव को आए तो उनके साथ भी हाथापाई की गई और जान से मारने की धमकी दी गई। आरोप है कि घटना के बाद दबंगों ने पीड़ित की झोपड़ी में तोडफ़ोड़ की और परिवार के भरण-पोषण का साधन बनी टैक्सी का शीशा भी तोड़ दिया। साथ ही मकान पर कब्जा करने की नीयत से धमकाने का आरोप लगाया गया है। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर मामला दर्ज कर लिया है। मामले की विवेचना उपनिरीक्षक प्रशांत राणा को सौंपी गई है। पुलिस का कहना है कि जांच पर कार्रवाई की जाएगी।

### जिला शिक्षाधिकारी ने जारी किया तल्ख आदेश, नहीं चलेगी बहानेबाजी

# आदेश: ई-अटेंडेंस लगाने वाले शिक्षकों को ही मिल पाएगी मार्च में तनख्वाह

## तकनीकी कारणों से हाजिरी न लगने पर संस्था प्रमुख नियंत्रक को करना होगा सूचित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

स्कूलों से अक्सर नदारद रहने वाले शिक्षकों पर नकेल कसने शिक्षा विभाग द्वारा जून 2025 से 'हमारे शिक्षक एप' पर ऑनलाइन अटेन्डेंस की व्यवस्था शुरू की गई थी। लेकिन, तकनीकी कारणों जैसे मोबाइल नेटवर्क, सिग्नल न मिलने आदि कारणों के चलते विभाग ने शिक्षकों सहित अन्य लोकसेवकों की समस्याओं को समझा और अब तक किसी का वेतन नहीं काटा जा रहा था।

लेकिन, जिला शिक्षाधिकारी करण सिंह भिलाला ने 12 फरवरी को जारी एक आदेश में स्पष्ट किया है कि मार्च माह में उन्हीं शिक्षकों एवं विभाग से जुड़े लोकसेवकों को वेतन जारी किया जाएगा ऑनलाईन तरीके से अटेन्डेंस लगा रहे हैं। अगर दूर-दराज ग्रामीण अंचलों में मोबाइल नेटवर्क नहीं मिल पाता है और शिक्षकगण ई-हाजरी नहीं लगा पाए तो उन्हें इस बात की लिखित सूचना संबंधित संस्था प्रभारी/नियंत्रक अधिकारी को लिखित अथवा प्रमाणिक रूप से देना आवश्यक होगा। उक्त सूचना का परीक्षण संबंधित प्राधिकारी करते हुए यथोचित निर्णय लेंगे। दूसरे शब्दों में मात्र तकनीकी व्यवधान को स्वतः अनुपस्थिति का आधार नहीं माना जाएगा।




### अभी तक सिर्फ अतिथियों पर बरता जा रहा था कड़ा रुख

आपको बतादें कि स्कूल शिक्षा विभाग ने जून 2025 में ई-अटेंडेंस की व्यवस्था सुनिश्चित की थी। ऑनलाईन हाजारी न लगाने वालों पर तकनीकी पहलुओं के दृष्टिगत विभाग कोई कार्यवाही नहीं कर रहा था। सिर्फ अतिथि शिक्षकों के लिए यह ई-अटेंडेंस पूर्णतः अनिवार्य थी और जो अतिथि शिक्षक ऑनलाईन हाजरी नहीं लगा रहे थे, उनका वेतन रोका जा रहा था। अब इस व्यवस्था को सभी के लिए अनिवार्यतः लागू कर दिया गया है।

### आदेश में यह भी है उल्लेख

डीईओ द्वारा जारी आदेश में उल्लेख है कि वेतन निगर्मन की प्रक्रिया में ई-अटेंडेंस अभिलेख को उपस्थिति सत्यापन हेतु प्रारंभिक आधार के रूप में ग्रहण किया जाएगा तथापि वेतन स्थगन, कटौती अथवा अवकाश समायोजना संबंधी कोई भी निर्णय शासन के नियमों के अनुसार सुनिश्चित होगा। साथ ही किसी भी परस्थिति में वेतन संबंधी दंडात्मक कार्यवाही बिना परीक्षण एवं अभिलेखीय सत्यापन के नहीं की जाएगी।

### विभाग से संबद्ध सभी लोकसेवकों पर लागू होगा आदेश

जिला शिक्षाधिकारी का यह आदेश न केवल जिले की समस्त शासकीय शालाओं के शिक्षकों बल्कि शिक्षा विभाग में पदस्थ समस्त लोकसेवकों प्रधानाध्यापक, प्राचार्य, लिपिक संवर्क, कार्यालयीन कर्मचारियों, अतिथि शिक्षक सहित अन्य समस्त स्टाफ पर लागू होगा।

### उपस्थिति के आधार पर ही होगी वेतन की गणना

प्रत्येक शिक्षकों व अन्य कर्मचारियों के वेतन की गणना उनकी उपस्थिति के आधार पर की जाकर बिल(देयक) कोषालय को प्रस्तुत किए जाएंगे। इसी उपस्थिति के आधार पर संबंधित शिक्षक/लोकसेवक का वेतन आहरित किया जाएगा। जो शिक्षक या कर्मचारी जितने दिन अनुपस्थित रहेगा उसे उतने दिन का वेतन नहीं मिलेगा।

### स्वास्थ्य विभाग की टीम को मिले जांच के निर्देश, पानी के लिए सैंपल

# दूषित पानी पीने से ग्रामीण बीमार, 10 मरीज सिविल अस्पताल सारंगपुर में भर्ती

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर



विकासखंड सारंगपुर क्षेत्र के एक ही गांव मऊ में गुरुवार को 10 से अधिक मरीजों को सारंगपुर सिविल अस्पताल में भर्ती किया गया है बताया जा रहा है कि रविवार को मऊ मंग्याखेडी कल्याणपुर गांव सहित अन्य गांवों के ग्रामीण भैंसवा माता मेले गए थे से वापस लोटेने के बाद ग्रामीण उल्टी दस्त की चपेट में आ गए हैं अब तक 120 से अधिक लोग प्रभावित बताये जा रहे हैं जिनमें से मऊ गांव में 40 मरीज चिन्हित किए गए थे ।

सूचना मिलने के बाद सारंगपुर एसडीएम रोहित बम्होरे बीएमओ डॉ मनीष चैहान सहित प्रशासनिक अमले ने गुरुवार को मंग्याखेडी एवं कल्याणपुर गांवों का दौरा किया ।मऊ गांव की राधिका वैष्णव ने बताया कि वह मोहल्ले के लोगों के साथ रविवार को दो ट्रैक्टरों से भैसवा माता मेले में मां बिजासन के दर्शन करने और मेले में शामिल होने के लिए गए थे सोमवार देर रात 1रू00 बजे एक दर्जन से अधिक लोगों को अचानक उल्टीया ओर दस्त होने की शिकायत पर गांव के निजी नर्सिंग होम के डॉक्टर से इलाज कराया गया तथा मेले में पीने के पानी की टंकी का दूषित पानी पीने से हम लोग बीमार होकर उल्टी दस्त का शिकार हुए हैं तथा मरीजों की संख्या बढ़ने पर आशा कार्यकर्ताओं के द्वारा स्वास्थ्य विभाग कों सूचना दी इसके बाद सारंगपुर बीएमओ डॉ मनीष चैहान ने तुरंत जगह-जगह स्वास्थ्य विभाग की टीमों को निर्देशित किया कि प्रभावित गांवों में सर्वे करे, वही मऊ गांव में गुरुवार को भी स्वास्थ्य पर्यवेक्षक सहित स्वास्थ अमला पहुंचा एवं दवाइयां वितरित की तथा गुरुवार को मऊ गांव में से चिन्हित 40 मरीजों में से 10 से अधिक की हालत बिगड़ने पर उन्हें सारंगपुर रेफर किया गया है। रेफर किए गए मरीजों में नंदनसिंह विराट गंगाबाई लक्ष्मीबाई राजपूत कविता लाड सिंह शिवांश कमल सिंह राजपूत पूजा और लीलाबाई शामिल हैं वही मंग्याखेड़ी और कल्याणपुर गांव में उल्टी दस्त के मरीजों को दवाइयां वितरित की गई हैं।

### सूदखोर पर हुई एफआईआर

**खिलचीपुर।** खिलचीपुर थाने में रघुनंदन शर्मा न्याय की गुहार हेतु चक्कर लगा रहा था, जिसकी खबर प्राथमिकता से हरिभूमि ने प्रकाशित की थी, जिस पर पुलिस ने कार्यवाही करते हुए बीरम तंवर पिता हरिसिंह तंवर पर भारतीय न्याय संहिता बी एन एस2023 296 बी, 351-3 मध्य प्रदेश रंडियों का संरक्षण अधिनियम-3, मध्य प्रदेश रेडियो का संरक्षण अधिनियम-4 के तहत प्रकरण दर्ज कर एफ आई आर की।


3 माह बीत जाने पर भी पुलिस ने नहीं की कार्रवाई, फरियादी लगा रहा चक्कर

### 'राम ते अधिक राम कर दासा'... फूलों के आसन पर सुंदरकांड पाठ करेंगे रामभक्त

# नेवज तट स्थित एसी वाले हनुमान मंदिर पर होगा भव्य आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

नगर से प्रवाहित नेवज मैया के तट स्थित ऐसी वाले हनुमान मंदिर पर आगामी दिनों में कईं भव्यतम आयोजन होने जा रहे हैं। महा-शिवरात्रि पर्व पर होने वाले धार्मिक आयोजनों की कड़ी में मंदिर समिति द्वारा इस वर्ष भी 108 सुंदरकाण्ड पाठ का आयोजन रखा जा रहा है।

रामचरित मानस के रचियता गोस्वामी तुलसीदास द्वारा लिखित 'राम ते अधिक राम का दासा' चैपाई को चरितार्थ करते हुए मंदिर समिति सुंदरकाण्ड पाठ करने वाले सभी हनुमान भक्तों के लिए फूलों के आसन विराजित करवाऐगी। मंदिर समिति पदाधिकारी होकम साहू, सुनील जोशी, देवीसिंह विश्वकर्मा सहित अन्य ने बताया कि महाशिवरात्रि पर प्रातः 07 बजे से रात्रि 8 बजे तक श्रृद्धालु अपनी सुविधानुसार सुंदरकाण्ड का पाठ कर सकेंगे।



### सभी श्रृद्धालुओं के लिए रहेगी फलाहार की व्यवस्था

शिवरात्रि पर मंदिर में पूरे दिवस एसी वाले महांकाल का अभिषेक, पूजा-आरती सहित अन्य अनुष्ठान अनवरत चालू रहेंगे। समिति द्वारा मंदिर आने वाले सभी भक्तों के लिए फलाहार की व्यवस्था की जा रही है जो प्रातः से आरंभ होकर देर रात्रि तक चलती रहेगी। समिति पदाधिकारियों ने बताया कि क्षेत्रीय विधायक अमरसिंह यादव, पूर्व ऊर्जा मंत्री प्रियवृत सिंह खिंची भी भगवान के दर्शनलाभ हेतु मंदिर आएंगे।

### बैजनाथ महादेव महिला मंडल ने निकाली कलश यात्रा

महाशिवरात्रि महोत्सव के तहत हो रहे आयोजनों की कड़ी में कल गुरुवार दोपहर खोयरी बैजनाथ महादेव महिला मंडल के तत्वावधान में ऐसी वाले हनुमान मंदिर से खोयरी महादेव तक एक भव्य कलश यात्रा का आयोजन भी किया गया। गाजे-बाजे और भगवान के जयकारों के साथ मंदिर परिसर से आरंभ हुई कलश यात्रा बैजनाथ महादेव मंदिर पहुंचकर समाप्त हुई। यहां सभी श्रृद्धालु मातृ-शक्तियों द्वारा भगवान भोलेनाथ का अभिषेक, पूजन किया गया।

### पौधों के सहेजने के दावे विभाग प्रमुख के समीप से फेल

# डीएफओ ऑफिस से 100 मीटर दूर ही टूटी पड़ी है फेंसिंग



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

प्रकृति को सहेजने का दावा करने वाले फॉरेस्ट विभाग के मुखिया के दफ्तर के समीप ही पौधों की सुरक्षा के लिए लगवाई गई फेंसिंग अर्से से टूटी पड़ी है। हम बात कर रहे कलेक्टोरेट परिसर के ठीक पीछे स्थित जिला वनमंडलााधिकारी कार्यालय से लगभग 100 मीटर दूर स्थित एक पार्क की। उक्त पार्क क्षेत्र में पूर्व के वर्षों में पौधरोपण करवाते हुए बाकायदा उसे तार फेंसिंग से कवर्ड किया गया था। लेकिन, यह फेंसिंग कईं दिनों से टूटी पड़ी है। वन विभाग के जिम्मेदारों की नजर अक्सर इस लापरवाही पर पड़ती है लेकिन टूटी फेंसिंग को रिपेयर करवाने की जेहमत किसी के द्वारा नहीं उठाई जा रही है। यह अकेला ऐसा मामला नहीं है जहां पौधों, पेड़ों की सुरक्षा में लापरवाही बरती जा रही हो। अकेले राजगढ़ वनमंडल क्षेत्र की बात करें तो फॉरेस्ट के स्वामित्व वाले अनेकों स्थान हैं जिनकी सीमाओं पर बतौर सुरक्षा लगवाई गई फैंसिंग टूटी हुई पड़ी हैं।

### जहां कभी किया था वृहद पौधरोपण वह पूरा क्षेत्र अब निर्जन

वन विभाग के जिम्मेदारों की अनदेखी उक्त फेंसिंगे तक ही सीमित नहीं है। फॉरेस्ट विभाग सहित प्रशासन के संयुक्त सहयोग से कुछ वर्षों पूर्व एनएच-52 पर राजगढ़-ब्यावरा के मध्य लालगढ़ गांव के समीप वृहद स्तर पर पौधरोपण करवाया गया था। लेकिन, वर्तमान हालात यह है कि वहां कुछेक पौधों को छोड़कर एक भी पनप नहीं पाया है। इसके अलावा भी अनेकों ऐसे स्थान हैं जहां पूर्व में रौपे गए पौधे आज तक नहीं पनप नहीं पाए हैं।

### दो दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार का समापन

**नरसिंहगढ़।** 11 फरवरी को शासकीय महाविद्यालय नरसिंहगढ़ जिला राजगढ़ में दो दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार का समापन कार्यक्रम में डॉ. डी आर तिवारी कुलगुरू (आर्यावर्त विश्वविद्यालय सीहोर) मुख्य अतिथि, कविता लोकेन्द्र वर्मा विशेष अतिथि, तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था के प्राचार्य डॉ. चेतन कुमार त्रिपाठी द्वारा की गई। शैक्षणिक सत्र में डॉ. अश्विनी शर्मा चेरमेंन बोर्ड ऑफ स्टडी देवी अहिल्या विश्वविद्यालय इन्दौर, डॉ. नीलम गुप्ता सहा.प्रा. डॉ. खुबचंद बघेल शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय भिलाई 3. दुर्ग, छत्तीसगढ़, तथा डॉ. आशीष गुप्ता सहा.प्रा. मौलाना आजाद राष्ट्रीय प्रोद्योगिकी संस्थान भोपाल द्वारा अपना विषय आधारित उद्बोधन प्रस्तुत किया । तकनीकि सत्र में डॉ. सुषमा दुराफे, डॉ. प्रमोद खरे, डॉ. श्वेता साहू, वल्लभ शर्मा.. चिराग त्रिपाठी, द्वारा शोध पत्र का वाचन किया गया । राष्ट्रीय सेमीनार के समापन सत्र में मोतीलाल विज्ञान महाविद्यालय भोपाल की प्राचार्य डॉ. गीता मोदी, नवीन महाविद्यालय भोपाल के प्राचार्य डॉ. प्रदीप शर्मा, डॉ. अरविन्द गुप्ता, डॉ. अनुजा गुप्ता, आदि उपस्थित रहे।

### नेशनल हाईवे पर हादसा

# कार अनियंत्रित होकर खेत में पलटी, पति-पत्नी घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर



छबड़ा (राजस्थान) से तराना जा रहे दंपती की कार राष्ट्रीय राजमार्ग-52 ग्वाड़ा जोड़ के पास अचानक अनियंत्रित होकर सड़क से उतरते हुए खेत में जा गिरी। हादसे में कार सवार दिनेश शर्मा गंभीर रूप से घायल और उनकी पत्नी ममता शर्मा को मामूली चोट आई। राहगीरों में अफरा-तफरी मच गई और मौके पर चीख-पुकार का माहौल बन गया। हादसे की सूचना मिलते ही 1033 नेशनल हाईवे एंबुलेंस सेवा तत्काल मौके पर पहुंची।

घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद एंबुलेंस से सिविल अस्पताल सारंगपुर लाया गया, जहां दोनों का उपचार जारी है। चिकित्सकों के अनुसार दोनों की हालत फिलहाल स्थिर बताई जा रही है, हालांकि सिर व शरीर में चोटें आई हैं। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, हाईवे पर तेज रफ्तार और सड़क किनारे असमतल सतह के कारण वाहन असंतुलित हुआ और खेत में जा गिरा। गनीमत रही कि उस वक्त सामने से कोई भारी वाहन नहीं आ रहा था, वरना हादसा और भी भयावह हो सकता था।स्थानीय लोगों ने एनएच-52 पर बार-बार हो रहे हादसों को लेकर चिंता जताई है। उनका कहना है कि ग्वाड़ा जोड़ के पास सड़क किनारे सुरक्षा इंतजाम नाकाफी हैं, न तो पर्याप्त संकेतक लगे हैं और न ही क्रैश बैरियर, जिससे वाहन जरा सी चूक में सड़क से उतर जाते हैं। हादसे के बाद मौके पर कुछ देर यातायात प्रभावित रहा। लोगों ने प्रशासन और हाईवे प्रबंधन से मांग की है कि इस ब्लैक स्पॉट पर स्पीड कंट्रोल, चेतावनी बोर्ड और सुरक्षा रेलिंग तत्काल लगाई जाए।

# शांति कुंज एकेडमी हाई स्कूल में विदाई समारोह आयोजित किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खुजनेर



शांति कुंज एकेडमी हाई स्कूल खुजनेर में कक्षा दसवीं वाले बच्चों का दीक्षांत समारोह हुआ संपन्न जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में कंवरलाल यादव धुरी लाल नागर नानूराम नागर अहीर बरन सिंह यादव सम्मिलित हुए और सभी ने अपने-अपने वक्तव्य से बच्चों को उनके भविष्य उज्जवल करने के लिए विचार प्रकट किया और विभिन्न प्रकार से बच्चों को निकट भविष्य में आने वाली चुनौतियां से अवगत कराया साथ ही शांतिकुंज विद्यालय के अध्यक्ष कमल शर्मा प्राचार्य दिनेश विश्वकर्मा प्रभारी जितेन्द्र नागर एवं समस्त शिक्षक और शिक्षिकाओं ने अपने-अपने विचार प्रकट किए और बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की प्राचार्य दिनेश विश्वकर्मा ने सभी अतिथियों का आभार प्रकट किया।

### पुलिस अधीक्षक ने प्रेस कांफ्रेंस में किया खुलासा

# अंततः पुलिस के हत्थे चढ़ा ड्रग्स फैक्ट्री का मुख्य सरगना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़



विगत दिनों राजस्थान पुलिस की सूचना पर जिले में सामने आई ड्रग्स फैक्ट्री के मुख्य आरोपी रघुनंदन पाटीदार को राजगढ़ पुलिस ने अंततः गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपी पाटीदार के साथ ही उसके एक सह-आरोपी को भी पुलिस ने पकड़ में लिया है। दोनों के पास से करीब 21 किलो एमडी ड्रग्स, 309 किलो से अधिक रॉ मटेरियल सहित करीब 30 करोड़ का माल भी बरामद किया गया है। पुलिस अधीक्षक अमित तोलानी ने गुरुवार दोपहर एक प्रेसवार्ता के दौरान पूरे मामले पर विस्तार से प्रकाश डाला। आपको बतादें कि 04 फरवरी को राजस्थान के झालावाड़ की विशेष टीम से मिली सूचना के बाद माचलपुर क्षेत्र के घोघटपुर में दी गई संयुक्त दबिश में उक्त एमडी ड्रग्स निर्माण फैक्ट्री का खुलासा हुआ था। फैक्ट्री मालिक रघुनंदन पाटीदार का तभी से कोई पता नहीं लग पा रहा था। राजस्थान सहित जिले पुलिस की कईं टीमें आरोपी की तलाश में लगी हुई थीं। इस बीच 7 फरवरी को पुलिस ने जंगलों से 05 नीले ड्रम बरामद किए थे जिनमें करीब अनुमानित 05 करोड़ का कैमिकल मिला था।

**सघन अभियान से गिरफ्तार हुआ मुख्य आरोपी-** एसपी तोलानी ने बताया कि मुख्य आरोपी रघुनंदन पाटीदार व अन्य साथियों की गिरफ्तारी के लिए सघन अभियान चलाया गया था।

# श्री गणेपूजन और झंडावंदन के साथ हुआ महाशिवरात्रि मेले का शुभांरभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नरसिंहगढ़

नगर के प्राचीन महाशिवरात्रि मेले का सोमवार को गणेश पूजन और ध्वजारोहण के साथ विधिवत शुभारंभ किया गया। नपाध्यक्ष कविता वर्मा ने पूजा अर्चना के साथ मेले का शुभारंभ कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस मौके पर पार्षदगण और नपा कर्मचारी मौजूद रहे। अगले 20 दिनों तक चलने वाले इस मेले की संपूर्ण व्यवस्था नपा द्वारा की जाती है। मेले की औपचारिक शुरूआत के साथ यहां दुकाने और झूले संचालको को जगह आवंटित की जा चुकी है। उल्लेखनीय है कि रियासत कालीन यह मेला प्रतिवर्ष महाशिवरात्रि पर आयोजित किया जाता है।



महाशिवरात्रि पर नगर के प्रमुख बाबा बैजनाथ बड़ा महादेव पर लाखो की संख्या में श्रृद्धालु पहुंचते है। पूर्व में यह पशु मेले के नाम से लगता था। तब यहां बड़ी तादात में कृषक, ग्रामीण अपने प्शु लेकर पहुंचते थे। अच्छी नस्ल के प्शुओ को यहां पुस्कृत भी किया जाता था। लेकिन समय के साथ पषु मेला धीरे-धीरे समाप्त हो चुका है।

# नगर परिषद द्वारा संकल्प से समाधान अभियान शिविर आयोजित किया

**जीरापुर।** मध्य प्रदेश शासन द्वारा जनकल्याणकारी योजनाओं के पात्र लोगों को तत्काल लाभ मिले इस उद्देश्य से संकल्प से समाधान अभियान संचालित किया जा रहा है, इस तारतम्य में नगर परिषद द्वारा नगर के विभिन्न वार्डों में लगातार शि वि र आयोजित कर वंचित पात्र



लोगों के आवेदन प्राप्त कर उनका निराकरण किया जा रहा है। इस कड़ी में नगर परिषद जीरापुर द्वारा गुरुवार को नगर परिषद कार्यालय सभागार में वार्ड क्रमांक 10, 11, 12 के आवेदन प्राप्ति हेतु शिविर आयोजित कर आवेदन प्राप्त किए गए। इस अवसर पर मुख्य नगर पालिका अधिकारी हरिओम शर्मा , ओंकार लाल मंडलोई ,रमेश मालवीय,कमल भावसार, राजेंद्र सिंह भाटी , संदीप नाथ सहित अन्य कर्मचारी और हितग्राही उपस्थित रहे।

### मंत्री नारायण सिंह पंवार की अध्यक्षता में संपन्न

# जनपद पंचायत ब्यावरा की समीक्षा बैठक हुई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

गुरुवार को जनपद पंचायत ब्यावरा में आयोजित समीक्षा बैठक में मंत्री नारायण सिंह पंवार ने क्षेत्र में संचालित विकास कार्यों की प्रगति तथा जनहित से जुड़े विभिन्न विषयों की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में संबंधित विभागों के अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए कि निर्माणाधीन एवं प्रस्तावित विकास कार्यों में पारदर्शिता, गुणवत्ता और समयबद्धता सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। मंत्री पंवार ने विशेष रूप से इस बात पर जोर दिया



कि शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे।

### पेयजल व्यवस्था पर विशेष चर्चा

बैठक में आगामी ग्रीष्म ऋतु को ध्यान में रखते हुए पेयजल व्यवस्था पर विस्तार से चर्चा की गई। मंत्री पंवार ने निर्देश दिए कि गर्मी के मौसम में किसी भी नागरिक को पानी की कमी का सामना न करना पड़े। उन्होंने जल स्रोतों की वर्तमान स्थिति, टंकियों की साफ-सफाई, पाइपलाइन की मरम्मत, हैंडपंपों की कार्यशीलता का कहा।

### स्कूलों की समीक्षा और आगामी सत्र की तैयारी

मंत्री पंवार ने शिक्षा व्यवस्था की भी विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने विद्यालयों में मूलभूत सुविधाओं कृ स्वच्छ पेयजल, शौचालय, बिजली, कक्षाओं की स्थिति एवं बैठने की व्यवस्था कृ की जानकारी ली। आगामी शैक्षणिक सत्र को ध्यान में रखते हुए विद्यालयों में समयपूर्व सभी आवश्यक तैयारियां पूर्ण करने के निर्देश दिए । इस बैठक में जनपद अध्यक्ष राधा जगदीश गुर्जर, जनपद सीईओ आर के मंडल, एसडीएम गोविंद कुमार दुबे, जनपद सदस्य सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# खनिज के अवैध परिवहन के खिलाफ कार्रवाई जारी, 2 ट्रैक्टर ट्रॉली और एक डंपर किया जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुना



कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल के निर्देशानुसार खनिज विभाग द्वारा जिले में आकस्मिक भ्रमण कर अवैध खनिज परिवहन करने वालों के विरुद्ध निरंतर कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में जिला खनिज अधिकारी सचिन वर्मा के नेतृत्व में गठित दल द्वारा आरोन और गुना क्षेत्र में भ्रमण के दौरान आरोन में 2 ट्रैक्टर-ट्रॉली को अवैध रूप से रेत खनिज और गुना क्षेत्र में गिट्टी का डम्पर रॉयल्टी में उल्लेखित मात्रा से अधिक खनिज परिवहन करते हुए पकड़ा गया।

जिला खनिज अधिकारी वर्मा ने बताया कि भ्रमण के दौरान ट्रैक्टर-ट्रालियों द्वारा बिना अनुमति एवं बिना रॉयल्टी खनिज रेत का परिवहन करते पाई गई, जिसे जप्त कर थाना आरोन और एक डंपर द्वारा गिट्टी का ओवर लोड परिवहन करने से कलेक्ट्रेट परिसर में खड़ा कराया गया है। उन्होंने बताया कि अवैध खनन एवं परिवहन में संलिप्त वाहन एवं परिवहनकर्ता के विरुद्ध मध्यप्रदेश खनिज (अवैध खनन, परिवहन तथा भंडारण का निवारण) नियम, 2022 के प्रावधानों के अंतर्गत अग्रिम कार्रवाई हेतु प्रकरण कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा। जिले में अवैध खनन एवं परिवहन के विरुद्ध यह कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी।